# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 11.12.2024**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना तिन्दवारी साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा फोन पे के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार होने वाले पीड़ित के खाते में 95 हजार 996 रुपये कराये गये वापस।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में थाना तिन्दवारी साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा फोन पे के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार होने वाले पीड़ित के खाते में 95 हजार 996 रुपये वापस कराये गये। गौरतलब हो कि थाना तिंदवारी क्षेत्र के रहने वाले दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र नर्वद प्रसाद गुप्ता के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पे के माध्यम से 95996/ रुपये की धोखाधडी कर ली गई थी। जिसके संबंध में पीड़ित व्यक्ति द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज करायी गई थी। इसी क्रम में थाना तिंदवारी साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा कुशलता एवं सक्रियता से कार्य करते हुए आवेदक दिलीप कुमार उपरोक्त के खाते में 95996/- रुपये वापस कराये गए। आवेदक द्वारा पैसा वापस मिलने पर साइबर हेल्प डेस्क टीम को धन्यवाद दिया गया।

**बरामद करने वाली टीम-**

1. प्र0नि0 थाना तिंदवारी श्री राजेंद्र सिंह राजावत
2. म0उ0नि0 रोशनी सेंगर
3. आ0 राजन दुबे